**(आगे तथ्य पत्रक आरंभ होता है)**

# इस साइट के बारे में जानकारी प्राप्त करना जारी रखने के लिए अभी कार्रवाई करें!

DEC (डीईसी) का पर्यावरण उपचार मंडल (DER - डीईआर) अब संदूषित साइटों के बारे में जानकारी *इलेक्ट्रॉनिक रूप से ईमेल द्वारा* वितरित करता है।

यदि आप इस तथ्य पत्रक में उल्लिखित संदूषित साइटों के बारे में जानकारी प्राप्त करना जारी रखते हैं:

**आपको DER email listserv के लिए साइन अप करना होगा:**
www.dec.ny.gov/chemical/61092.html



DER आपके ईमेल पते को पंजीकृत नहीं कर सकता - केवल ईमेल पते का स्वामी ऐसा कर सकता है। यदि आपने जिस देश में साइट स्थित है उसके लिए listserv (लिस्टसर्व) के लिए पहले से पंजीकरण क रखा है, तो आपको कुछ भी करने की जरूरत नहीं है।

**आपको "कागजरहित" क्यों होना चाहिए:**

- ☑ अधिक तेजी से साइट जानकारी प्राप्त करने और इसे आसानी से साझा करने के लिए;
- ☑ किसी चयनित देश में सभी साइटों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए – आप जो चाहें पढ़ें, शेष को हटा दें;
- ☑ यह पर्यावरण में मदद करता है और आपके कर डॉलरों का विस्तार करता है।

**यदि "कागजरहित" आपके लिए विकल्प नहीं है,** तो इस तथ्य पत्रक में चिह्नित DER परियोजना प्रबंधक को कॉल करें या लिखें। इंगित करें कि आपको डाक सेवा के माध्यम से तथ्य पत्रक की कागज पर प्रतियां प्राप्त करने की जरूरत है। अपने पत्राचार में साइट का नाम शामिल करें।
कागज प्राप्त करने का विकल्प केवल व्यक्तियों के लिए उपलब्ध है। समूहों, संगठनों, व्यवसायों और सरकारी संस्थाओं के पास ईमेल एक्सेस होना मान लिया जाता है।

# तथ्य पत्रक

ब्राउनफ़ील्ड क्लीनअप प्रोग्राम

मई 2021

**90-02 168th Street Site**

**90-02 168th Street**
**Jamaica, NY 11432**

**साइट संख्या C241243**
**NYSDEC REGION 2**

**जानकारी कहां पाएं**

DECinfo लोकेटर
https://www.dec.ny.gov/data/DecDocs/C241243/ के माध्यम से और अन्य स्थानों पर परियोजना दस्तावेज एक्सेस कर सकते हैं:

**Queens Public Library - Central**
89-11 Merrick Blvd
Jamaica, NY 11432
(718) 990-0700

**Queens Community Board #12**
90-28 161st Street
Jamaica, NY 11432

**COVID-19 सावधानियों के कारण भंडार अस्थायी रूप से अनुपलब्ध हो सकता है। यदि आप ऑनलाइन रिपॉजिटरी तक नहीं पहुंच सकते हैं, तो सहायता के लिए नीचे सूचीबद्ध NYSDEC परियोजना प्रबंधक से संपर्क करें।*

## किस से संपर्क करें

'टिप्पणियों और प्रश्नों का स्वागत है और ये निम्नानुसार संबोधित किए जाने चाहिए':

**परियोजना-संबंधित प्रश्न**

Christopher Allan, Project Manager
NYSDEC
Region 2 Headquarters
41-40 21st Street
Long Island, NY 11101
(718) 482-4065
Christopher.allan@dec.ny.gov

**परियोजना-संबंधित स्वास्थ्य प्रश्न**

Anthony Perretta
NYSDOH
Empire State Plaza
Corning Tower Room 1787
Albany, NY 12237
(518) 402-1365
beei@health.ny.gov

**न्यू यॉर्क के ब्राउनफ़ील्ड क्लीनअप प्रोग्राम के बारे में अधिक जानकारी के लिए यहां जाएं:**
www.dec.ny.gov/chemical/8450.html

## ब्राउनफ़ील्ड साइट संदूषण के लिए प्रस्तावित उपचार; सार्वजनिक टिप्पणी अवधि घोषित

न्यूयॉर्क राज्य पर्यावरण विभाग (NYSDEC) द्वारा न्यूयॉर्क राज्य स्वास्थ्य विभाग (NYSDOH) के परामर्श से 90-02 168th Street, Jamaica, NY में स्थित 90-02 168th Street Site ("साइट") से संबंधित संदूषण से निपटने के लिए समीक्षा किए जा रहे एक प्रस्तावित उपचार पर टिप्पणी करने के लिए जनता को आमंत्रित किया जाता है। कृपया साइट स्थान के लिए मानचित्र देखें।

अन्वेषण के निष्कर्षों के आधार पर, NYSDOH के साथ परामर्श से NYSDEC ने निर्धारित किया है कि साइट सार्वजनिक स्वास्थ्य या पर्यावरण के लिए कोई उल्लेखनीय खतरा पेश नहीं करती है।

**टिप्पणी कैसे करें:** NYSDEC **मई 27 से जुलाई 10, 2021 तक**, 45 दिन तक, "उपचारात्मक कार्य योजना (RAWP) प्रारूप" नामक प्रस्तावित योजना के बारे में लिखित टिप्पणियां स्वीकार कर रहा है।

- DECinfo लोकेटर: https://www.dec.ny.gov/data/DecDocs/C241243/ के माध्यम से RAWP और अन्य दस्तावेजों को ऑनलाइन एक्सेस करें।
- दस्तावेज बाईं तरफ "जानकारी कहां पाएं" के अंतर्गत दिए गए स्थानों पर भी उपलब्ध है।
- कृपया टिप्पणियां बाईं तरफ "किस से संपर्क करें" क्षेत्र में परियोजना-संबंधित प्रश्नों के अंतर्गत सूचीबद्ध NYSDEC परियोजना प्रबंधक को भेजें।

**उपचारात्मक कार्य योजना प्रारूप:** प्रस्तावित अप्रतिबंधित उपयोग उपचार में शामिल हैं:

- उत्खनन प्रणाली के समर्थन (SOE) की संस्थापना;
- उत्खनन और सभी साइटों के अप्रतिबंधित उपयोग के क्लीनअप सफाई से निकली वस्तुओं (SCOs) का साइट से दूर निपटान;
- एक मृदा वाष्प अवरोधक/जलरोधक झिल्ली की एक सतर्कता के उपाय और नींव निर्माण के तत्व के रूप में संस्थापना।
- यदि किसी अप्रतिबंधित उपयोग की क्लीनअप हासिल नहीं होता है, तो उपचार प्रणाली के दीर्घकालिक रखरखाव के लिए साइट प्रबंधन योजना (SMP) की भी आवश्यकता होगी; और
- यदि किसी अप्रतिबंधित उपयोग की क्लीनअप हासिल नहीं होता है, साइट के भविष्य के उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए एक पर्यावरण सरलीकरण की रिकॉर्डिंग भी करनी होगी।

न्यू यॉर्क के ब्राउनफील्ड क्लीनअप प्रोग्राम (BCP) के तहत साइट की विस्तृत जांच करने के बाद प्रस्तावित उपाय 90Ninety LLC ("आवेदक") द्वारा विकसित किया गया था। एक "उपचारात्मक अन्वेषण रिपोर्ट", जिसमें उपचारात्मक कार्रवाई कार्य योजना के साथ साइट जांच के परिणामों को समवर्ती रूप से प्रस्तुत किया गया था और देखने के लिए बाएं कॉलम में दिए गए स्थान पर भी उपलब्ध है।

# ब्राउनफ़ील्ड क्लीनअप प्रोग्राम

**अगला चरण:** NYSDEC सार्वजनिक टिप्पणियों पर विचार करेगा, आवश्यकतानुसार क्लीनअप योजना को संशोधित करेगा, और अंतिम निर्णय दस्तावेज जारी करेगा। NYSDOH को प्रस्तावित उपचार को सहमति देनी होगी। अनुमोदन के बाद, प्रस्तावित उपचार चयनित उपचार बन जाता है। तब आवेदक NYSDEC और NYSDOH की देखरेख में साइट संदूषण से निपटने के लिए क्लीनअप कार्रवाई को डिजाइन और कार्यान्वित कर सकता है।

NYSDEC साइट के पूरे अन्वेषण और क्लीनअप के दौरान जनता को अवगत रखेगा।

**साइट का वर्णन:** साइट में लगभग 2.28-एकड़ संपत्ति Jamaica, NY में 90-02 168th Street पर शामिल है। संपत्ति के उत्तर में 90th Avenue, पूर्व में 168th Street, पश्चिम में एक चर्च परिसर, एक धार्मिक पुस्तक स्टोर, और आवासीय भवन हैं, और दक्षिण में वाणिज्यिक खुदरा भवन हैं। अभिलेख बताते हैं कि साइट का विकास आवासीय घरों और अस्तबलों के साथ 1886 से पहले हुआ था। एक प्लम्बिंग दुकान पेंट भंडार शेड सहित 1925 तक वहां वाणिज्यिक संपत्तियां उपस्थित थी। 1940 और 1950 के दशकों में वहां एकर वाहन मरम्मत की दुकान और चर्च थे। 1963 तक साइट-पर सभी ढांचे गिरा दिए गए थे, और संपत्ति का उपयोग पार्किंग के लिए किया जाता रहा है। नियोजित पुनर्विकास में भूतल पार्किंग सहित मिश्रित उपयोग वाले वाणिज्यिक और आवासीय भवन शामिल हैं।

पर्यावरणीय और स्वास्थ्य आकलन सारांशों सहित अतिरिक्त साइट विवरण, NYSDEC के पर्यावरणीय साइट उपचार डेटाबेस पर उपलब्ध हैं (साइट आईडी, C241243 दर्ज करके):
https://www.dec.ny.gov/cfmx/extapps/derexternal/index.cfm?pageid=3

**अन्वेषण सारांश:** इस साइट पर चिंता वाले प्राथमिक संदूषणों में अर्ध-वाष्पशील कार्बनिक यौगिक (SVOC), मिट्टी में धातु और कीटनाशक और मिट्टी की वाष्प में वाष्पशील कार्बनिक यौगिक (VOC) शामिल हैं।

**ब्राउनफ़ील्ड क्लीनअप प्रोग्राम:** न्यू यॉर्क का ब्राउनफ़ील्ड क्लीनअप प्रोग्राम (BCP) "ब्राउनफ़ील्ड" के रूप में संदूषित संपत्तियों के स्वयंसेवी क्लीनअप को प्रोत्साहित करता है ताकि उनका पुनः उपयोग और पुनर्विकास किया जा सके। इन उपयोगों में, मनोरंजन, आवासन, व्यवसाय या अन्य उपयोग शामिल हैं। एक ब्राउनफ़ील्ड साइट वह हर वास्तविक संपत्ति है जहां मिट्टी क्लीनअप उद्देश्य से अधिक स्तर वाला, या पर्यावरणीय मानकों, मानदंडों या NYSDEC द्वारा अपनाए गए मार्गदर्शन जो लागू विनियमों के अनुसार उचित रूप से अनुमानित उपयोग के आधार पर लागू हैं।

BCP के बारे में अधिक जानकारी के लिए, यहां जाएं:
https://www.dec.ny.gov/chemical/8450.html

***हम आपको इस तथ्य पत्रक को अपने पड़ोसियों और किराएदारों के साथ साझा करने और/या इस तथ्य पत्रक को दूसरों के देखे के लिए अपने भवन के प्रमुख क्षेत्रों मैं पोस्ट करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।***

**DEC वितरणों से अवगत रहें**
ईमेल द्वारा अपडेट प्राप्त करने के लिए साइन अप करें:
www.dec.ny.gov/chemical/61092.html

ध्यान दें: यदि आपने पहले ही साइन अप कर लिया है और िस तथ्य पत्रक को इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त किया है।

**DECinfo लोकेटर**
DEC दस्तावेज विशिष्ट साइटों की
पर्यावरणीय गुणवत्ता के बारे में सार्वजनिक डेटा को एक्सेस करने के लिए संवादात्मक मानचित्र: https://www.dec.ny.gov/pubs/109457.html

# ब्राउनफ़ील्ड क्लीनअप प्रोग्राम

**साइट स्थान**

